


## एक नजर में

### वीर सैनिक का भव्य स्वागत किया गया



**खाचरौद।** श्री राज राजेंद्र जयंत सेन विद्यापीठ में भारतीय सेवा से सेवानिवृत सैनिक और भारत माता के वीर सपूत नरेंद्रसिंह पवार का भव्य स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने परेड कर उनको विद्यालय परिसर मे प्रवेश कराया। विद्यालय के शिक्षकों ने पुष्पाहार एवं तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। विद्यालय परिवार ने उनके आगमन पर हर्ष जताया और विद्यालय के छात्राओं ने भी उनका स्वागत किया।

सहायक शिक्षक की सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

खाचरौद। शासकीय माध्यमिक विद्यालय भाटखेड़ी में पदस्थ सहायक शिक्षक हरिशंकर उपाध्याय के सेवानिवृत्ति के अवसर पर विद्यालय स्टाफ द्वारा तथा सामुदायिक भवन में संकुल खाचरौद द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस गरिमामय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर तहसीलदार सुभाष सुनेरे, बीआरसी पुष्पराज तिवारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी गुरुदत्त जोशी थे। मुख्य अतिथि द्वारा उपाध्याय को शाल श्रीफल व साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सत्यनारायण मालवीय, भागीरथ नंदेड़ा, नारायण पोपंडिया, गोकुलचंद पांचाल, प्रेमलता उपाध्याय, दीपिका ओरा, शीला देवी सोलंकी, कपिल नागर, नगजीराम सेठी, रिजवान जाफरी सहित अन्य शिक्षकों ने पुष्पहारों से स्वागत कर भावभीनी विदाई दी। संचालन भरतलाल पाटीदार व आभार यशवंत मदारिया ने व्यक्त किया। हरिशंकर उपाध्याय के निवास पर पुत्री श्वेता शर्मा, पुत्र नवनीत उपाध्याय, पुत्रवधू पूर्णिमा शर्मा, भरतलाल शर्मा, सुभाष व्यास, सीमा शर्मा, दीपिका शर्मा व परिजनों ने भावभीन स्वागत किया। गौरतलब है कि उपाध्याय 39 वर्ष 24 दिन की सेवा सफलतापूर्वक देकर सेवानिवृत हुए।

### संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन



**बड़नगर।** पवित्र श्रावण मास में राजेश्वर अमृत सेवा संस्थान के सानिध्य व स्व. महंत विष्णुदास महाराज की स्मृति में संगीतमय शिव महापुराण कथा एवं मूल पाठ श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन राष्ट्रीय संत पं. राजेश्वर महाराज विट्ठलेश्वर आश्रम बड़नगर के मुखारविंद से 1 अगस्त शुक्रवार से 7 अगस्त गुरुवार तक् प्रतिदिन दोपहर 1.30 से सायं 5 बजे तक स्थानीय पंढरीनाथ धाम, शांतिकुंज पर किया जा रहा है। संगीतमय शिव महापुराण कथा आयोजन के अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान भी इस अवसर किये जायेंगे। इस धार्मिक अनुष्ठान में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील पुत्र राहुल वैष्णव, संस्था पुरुष मंडल अध्यक्ष जगदीश उपाध्याय, संस्था महिला मंडल अध्यक्ष रुकमणी देवी शर्मा सिहत राजेश्वर अमृत सेवा संस्थान ने श्रद्धालुजनों से की है।

### 22 वर्षो से निकाल रहे ग्रामीण कावड़ यात्रा

**माकडौन।** तराना तहसील में आने वाली नांदेड़ ग्राम पंचायत क्षेत्र और आसपास के कई गांव में निवास करने वाले सैकड़ों शिव भक्त करीब 80 किलोमीटर पैदल चलते हैं। दो दिन तक हाथों में कलश और कावड़ लेकर और सदस्य महाकाल मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना करते हैं और महादेव शिव की भक्ति में रंगा हुआ रहता है। पूरा कावड़ यात्रा मार्ग जहां पर ओम नमः शिवाय हर हर महादेव की गूंज और भक्ति दिखाई देती है। तराना तहसील में आने वाली नांदेड़ से मनकामेश्वर महादेव मंदिर कावड़ यात्रा करीब 22 वर्ष से विधिवत संपन्न हो रही है। जिसमें सैकड़ो की संख्या में शिव भक्त उपस्थित रहते हैं। तराना तहसील में निवास करने वाले माकड़ोन, नांदेड़, कपैली आसपास के सैकड़ों शिव भक्तों जय जय के साथ चलते हैं। यह जानकारी श्याम कारपेंटर ने दी।

### विभिन्न विषयों में प्रवेश के लिये परीक्षा 3 को

उज्जैन। विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन में कृषि स्नातकोत्तर के विभिन्न विषयों में प्रवेश लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन 3 अगस्त रविवार को किया जाएगा। इस परीक्षा के माध्यम से विश्वविद्यालय का उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की खोज करना और उन्हें उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर अवसर प्रदान करना है।

इस संयुक्त प्रवेश परीक्षा के द्वारा छह प्रमुख कृषि के विषयों एग्रोनॉमी, सॉयल साइंस, हॉर्टिकल्चर (फ्रूट एंड वेजिटेबल साइंस), पैथोलॉजी, एंटोमोलॉजी तथा एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन एजुकेशन में स्नातकोत्तर के लिए प्रवेश दिया जावेगा। यह परीक्षा कृषि विज्ञान के इन विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। इस प्रवेश परीक्षा से छात्रों की शैक्षणिक क्षमता का मूल्यांकन होगा। साथ ही विश्वविद्यालय अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने की दिशा में अग्रसर है। यह परीक्षा कृषि विज्ञान अध्ययनशाला में विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन में 3 अगस्त को प्रातः 11 से 1 बजे तक होगी। इस संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख 2 अगस्त शाम 6 बजे तक रहेगी।

### माधव कॉलेज में डॉ. मिश्र का सारस्वत सम्मान

उज्जैन। डॉ. रवि मिश्र ने छात्रों को अलग अंदाज़ में पढ़ाया है। वे एक ऐसे शिक्षक के रूप में याद किये जाते रहेंगे जो छात्रों को पढ़ाते भी हैं और उनके व्यक्तित्व को गढ़ने का काम भी करते हैं। उन्होंने छात्रों को यही बताया कि वे अपने गुरुओं का सम्मान करें।

ये उद्गार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस माधव कॉलेज में भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. रवि मिश्र की सेवानिवृत्ति के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य प्रोफेसर कल्पना सिंह ने व्यक्त किए। इस अवसर पर माधव कॉलेज शिक्षक संघ की ओर से अध्यक्ष डॉ. नीरज सारवान, उपाध्यक्ष डॉ. सुनील सूर्यवंशी, सचिव डॉ. राजश्री सेठ, सह सचिव प्रो. शुभ कामना रक्ताले एवं कोषाध्यक्ष डॉ. मृदुल चन्द्र शुक्ल ने डॉ. रवि मिश्र का सारस्वत सम्मान किया। सभी ने इस अवसर पर अपनी बात कही। डॉ. अल्पना उपाध्याय ने रवि मिश्र को एक ऊर्जा से भरा हुआ व्यक्तित्व बताया। डॉ. अल्पना दुभाषे ने कहा कि प्रो रवि मिश्र ने सभी छात्रों और प्राध्यापको का स्नेह प्राप्त किया है। डॉ. केशव मणि शर्मा ने उन्हें श्रेष्ठ पर्यावरणविद बताया। पूर्व प्राचार्य डॉ. जीएल बरमैया ने भी उपस्थित रह कर उनके उज्जवल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। भूगोल विभाग एवं शोधार्थियों द्वारा मिश्राजी का शाल श्रीफल, स्मृति चिन्ह से सम्मान किया। डॉ. मोहन निमोले ने भूगोल विभाग के लिए की गई प्रो मिश्र की सेवाओं को याद किया। उन्होंने कहा कि रिमोट सेन्सिंग के लिए बहुत कार्य किया। साथ ही भूगोल की नई आर्यभट्ट प्रयोगशाला का भी निर्माण किया। सर को नवोदित भूगोल संगठन उज्जैन की ओर से भूगोल रत्न उपाधि प्रदान की गई। प्रो. गणेश राठौर ने कहा कि सर के मार्गदर्शन से ही मैं आज प्राध्यापक बन पाया हूं। प्रो एम पी वर्मा ने दार्शनिक अंदाज़ में अपने उद्गार व्यक्त किए।

# मंडल अध्यक्षों का जुलूस निकाल करसम्मान, किसानों के लिए सौंपा ज्ञापन



**महिदपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने अपने सक्रिय कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए और पार्टी की गतिविधियां संचालित सही ढंग से हो इसको लेकर मंडल अध्यक्ष के पदों से नवाजा गया। इसको लेकर शुक्रवार को शहर में भाजपा के स्थानीय पदाधिकारी और ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़ के नेतृत्व में उनका सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वहीं सम्मान समारोह के बाद ही किसानों को बीमा राशि दिलाए जाने के लिए एक ज्ञापन भी सौंपा गया। यहां

संपूर्ण आयोजन, अम्बेडकर चौराहा से जूलूस निकाला गया। नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए, पुराना बस स्टैंड के समक्ष सभा को संबोधित किया गया।

सर्व प्रथम समस्त मंडल अध्यक्षों का जगह-जगह पर स्वागत मंच बनाकर स्वागत सत्कार किया गया। जुलूस के उपरांत 250 गांवों के किसानों को करीब 256 करोड़ की फसल बीमा राशि दिलाए जाने को लेकर तहसीलदार संतुष्टि पाल को एक ज्ञापन भी सौंपा गया।

ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़ ने बताया कि भाजपा ने यहां तय किया है, कि चाहे मंडल अध्यक्ष हो या फिर बूथ अध्यक्ष हर मनोनीत पदाधिकारी का स्वागत कर जुलूस निकाला जाए और जहां पर पदस्थी हो वहां पर एक शानदार रैली निकाली जाए और ऐसा ही स्वागत किया जाए, जिसमें जनता का अच्छा स्नेह मिला। इसके लिए महिदपुर की जनता का आभार व्यक्त करता हूं।

पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान ने बताया कि भाजपा में जिसको भी पद मिलता है उसका स्वागत किया गया। विगत तीन चार दिनों से चल रहे स्वागत सत्कार को लेकर एक निर्णय लिया गया कि सभी मंडल अध्यक्षों का रैली निकाल कर स्वागत समारोह आयोजित किया जाए। तो पुराना बस स्टैंड पर यहां आयोजन किया गया।

इस दौरान भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक, पार्षदगण, जनपद सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।




## गुंदिया का सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह

**महिदपुर। जल संसाधन विभाग उपखण्ड महिदपुर के वाचमेन के पद से सेवानिवृत्त होने पर लालसिंह गुंदिया का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। श्री गुंदिया की 44 वर्ष की शासकीय सेवा में उनके उत्कृष्ठ कार्यो से समस्त स्टाफ एवं जलाशयों से जुड़े किसानों एवं इष्ट मित्रों से सदैव कुशल व्यवहार रहा ।**

शॉल श्रीफल एवं पुष्पमालाओं से श्री गुंदिया का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में एक पेड़ माँ के नाम के अंतर्गत वृक्षारोपण भी जल संसाधन विभाग उपखण्ड महिदपुर में किया गया जिसमें विल्वपत्र एवं अन्य प्रजातियों के पौधे लगाये गये। इस अवसर पर जल संसाधन विभाग के एसडीओ अजय बघेल, भवानीप्रसाद शक्तावत (उपयंत्री), ध्रुव यादव, कालूराम मेकाले (तहसील अध्यक्ष मेवाड़ा माली समाज), तोलाराम बरेड़िया, बद्री वर्मा वरिष्ठ पत्रकार, अम्बाराम पाड़ोलिया, गोवर्धन पटेल, राम मुवाला, रमेश खट्टिया, मदनलाल पाड़ोलिया आदि एवं बड़ी संख्या में जल संसाधन विभाग का स्टाफ एवं मेवाड़ा माली समाजजन उपस्थित थे । उक्त जानकारी मेवाड़ा माली समाज तहसील अध्यक्ष कालूराम मेकाले ने दी।

## शिव महापुराण कथा में तांडव से त्रिपुर दहन प्रसंग से भावविभोर



**नागदा। सावन मास के पावन अवसर पर ज्योति श्री गार्डन, महिदपुर रोड, नागदा में आयोजित सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन धर्म और भक्ति की अनुभूति करवा रहा है। पंडित प्रदीप मिश्रा जी के विशेष कृपा पात्र एवं सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित संजय शर्मा गौतम के मुखारविंद से प्रतिदिन शिव कथा का दिव्य प्रवाह हो रहा है, जिसे सुनने दूर-दूर से श्रद्धालुजन उपस्थित हो रहे हैं।**

पंचम दिवस की कथा में पंडित संजय शर्मा गौतम ने भगवान शिव के तांडव रूप, त्रिपुरासुर के संहार तथा रावण और शिवजी के संवाद जैसे अत्यंत प्रभावशाली प्रसंगों का वर्णन किया। भगवान शिव का ब्रह्मांडीय नृत्य (तांडव) श्रोताओं को भक्ति की तीव्र धारा में बहा ले गया। इसके साथ रावण द्वारा कैलाश उठाने का प्रसंग, नंदी द्वारा शाप, एवं शिव का रौद्र रूप प्रकट करना जैसे प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

इस अवसर पर विभिन्न समाजसेवी, पत्रकारगण, जनप्रतिनिधिगण, महिला मंडल की सदस्याएं एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधिगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विशेष सांस्कृतिक पात्रों द्वारा प्रस्तुत नृत्य प्रस्तुति ने धार्मिक वातावरण को और भी अलौकिक बना दिया। नित्य आरती में भी नगरवासियों की सहभागिता बढ़ रही है।

आरती का लाभ कथा धर्मालु जन द्वारा लिया जा रहा है। आयोजन के ध्येय वाक्य कथा आयोजन करने वाले भी भोलेनाथ हैं और कराने वाले भी भोलेनाथ, हम सब केवल माध्यम हैं से कथा में शिव अमृत बरस रहा है।

कथा में नगरवासियों की बढ़ती उपस्थिति आयोजन को भव्यता दे रही है। छठे दिवस की कथा में शिव-पार्वती पुत्र गणेशजी का जन्म, शनि देव के द्वारा गणेशजी को दृष्टि दोष लगना, शिवजी का क्रोध और शनि संवाद सहित नारद मुनि के द्वारा ब्रह्मांडीय ज्ञान का प्रकाशन जैसे दिव्य प्रसंगों का वाचन किया जाएगा। श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन नित्य दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होकर 4 बजे तक संचालित हो रहा है, जिसके पश्चात आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाता है।

हर हर महादेव के जयकारों के बीच आयोजन कर्ताओं द्वारा नगर वासियों से अंतिम दो दिवस की कथा का लाभ लेने का अनुरोध किया गया। जानकारी निलेश मेहता ने दी।




## दीप यज्ञ के साथ संपन्न व्यक्तित्व परिष्कार शिविर

### पांच बंदियों ने ग्रहण की गुरु दीक्षा, 12 ने गायत्री मंत्र लिखित कॉपी जमा कराई

**उज्जैन। केंद्रीय कारागार भैरवगढ़ में चल रहे जुलाई माह के व्यक्तित्व परिष्कार शिविर का समापन 31 जुलाई को दीप यज्ञ के साथ हुआ। आयोजन में पांच बंदी भाइयों ने गुरु दीक्षा ग्रहण की।**

आशा सेन, रेखा गौड़, रश्मि मिश्रा, कामिनी जुनेजा, डॉ नीति टंडन ने दीप यज्ञ और समापन सत्र संचालित किया। शांति पाठ के पश्चात 12 भाइयों ने गायत्री मंत्र लिखित कॉपी जमा कराई।

5 प्रतिभागी बंदियों ने शिविर संबंधी अपने संस्मरण सुनाए। युग निर्माण योजना महाकाल की योजना है। उसका प्रतिनिधित्व स्वयं परप पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा 'आचार्य' जी करते हैं। वर्तमान समय आपत्ति कालीन समय है जिसमें हर कोई गुरुदेव का काम कर रहा है।

संपूर्ण विश्व करवट बदल रहा है। इस समय में सभी गतिशील बने रहे।

2026 जन्म शताब्दी समारोह जनसंपर्क एक दिवसीय सक्रिय कार्यकर्ता कार्यशाला को संबोधित करते हुए शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे टोली नायक रामचंद्र गायकवाड ने अपने उद्बोधन में कहा। साथ में सह टोली नायक रूद्रगिरी गोस्वामी भी पधारे आपने जन्म शताब्दी विशेष गीत प्रस्तुत किया।

अखिल विश्व गायत्री परिवार माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी एवं अखंड दीप को प्रज्वलिजत होने के 100 वर्ष पूर्ण होने पर विश्व व्यापी कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। आगामी बसंत पंचमी पर्व पर 20 से 23 जनवरी 2026 शांतिकुंज हरिद्वार में सक्रिय कार्यकर्ताओं का एक सम्मेलन होगा। आगामी अक्टूबर, नवंबर माह में एक विशाल कार्यक्रम हरिद्वार में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

कार्यक्रम का शुभारंभ देव पूजन के साथ किया गया। अतिथि द्वय का स्वागत उर्मिला तोमर एवं शांति भट्ट द्वारा किया गया। स्थानीय समन्वयक सत्य चतुर्वेदी द्वारा अतिथि परिचय दिया गया। उज्जैन उपझोन समन्वयक प्रभाकर सोनोने ने स्वागत भाषण दिया।

इस अवसर पर जिले की सभी तहसीलों से एवं शहर के वरिष्ठ सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र सिंह सिकरवार ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ. शशिकांत शास्त्री ने किया।

## मोहम्मद रफ़ी की पुण्यतिथि पर संगीत संध्या

**उज्जैन। ऑनेस्टी म्यूज़िकल एकेडमी द्वारा मशहूर पार्श्व गायक मोहम्मद रफ़ी की पुण्यतिथि के अवसर पर कालिदास अकादमी संकुल हॉल में संगीत संध्या का आयोजन किया गया।**

संस्थापक हरपाल सिंह चावला ने बताया कि सुशील गिरिया को समर्पित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलावती यादव निगम सभापति, डॉ. सतविंदर कौर सलूजा वरिष्ठ स्त्री रोग चिकित्सक, पिलकेंद्र अरोरा प्रसिद्ध व्यंग्यकार, यू.एस.छाबड़ा अध्यक्ष सिटी ट्रेड कौंसिल एवं अध्यक्ष ओसवाल जैन समाज उज्जैन, एस एस नारंग प्रसिद्ध समाजसेवी, चरणजीत सिंह कालरा अध्यक्ष गुरुद्वारा सुखसागर फ्रीगंज उज्जैन, आयुष गिरिया फाउंडर डायरेक्टर एसएम ग्रुप, दानिश खान वरिष्ठ इंजीनियरिंग आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में एकेडमी के प्रमुख सिंगर अंशिता कानूनगो, वर्षा वर्मा, ऊषा भावसार, करुणा भावसार, पूनम नामदेव, अनामिका शुक्ला, अनिल भावसार, राजेश पलोड़, ललित भावसार, पार्थ दुबे, प्रकाश वर्मा, अरुण पाटीदार, तुषार वर्मा, वेदांत उपाध्याय, अरशद मीर, डॉ चावला एवं सभी सिंगर्स को प्रोग्राम के लिए शुभकामनाएं दी। 6 वर्षीय पार्थ दुबे ने रफ़ी साहब के जरा सामने तो आ ओ छलिए गीत गाकर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। संस्था की ओर से पुरस्कार स्वरूप पार्थ दुबे को म्यूजिक सिस्टम भेंट किया गया।

कार्यक्रम में अपनी शानदार प्रस्तुति के लिए प्रकाश वर्मा को बेस्ट मेल सिंगर ऑफ द डे एवं करुणा भावसार को बेस्ट फीमेल सिंगर ऑफ द डे चुना गया एवं उन्हें मोमेंटो एवं नकद राशि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम



डायरेक्टर उज्जैन बैंक कर्मचारी क्रेडिट सोसाइटी, भवदीपसिंह चूड़ास्मा फाउंडर डायरेक्टर शगुन ग्रुप धोलेरा, चंचल मालवीय शगुन ग्रुप इंदौर ब्रांच, मुकेश रांका कमलेश सोनी आदि ने अपनी प्रस्तुतियां दी। इस कार्यक्रम में मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअल रूप से उपस्थित रहे उन्होंने ग्रुप के प्रमुख हरपाल सिंह के अंत में सुशील गिरिया की स्मृति में 200 जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया गया। आभार संस्थापक अनिल भावसार ने माना।

पत्रकार वार्ता | झूठे आरोपों का खंडन किया

# नगर परिषद प्रतिनिधियों की संयुक्त पत्रकार वार्ता में रखे गए तथ्य, लगाए गए सभी आरोप असत्य सिद्ध

**नागदा। नगर परिषद से जुड़े विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त पत्रकार वार्ता आयोजित कर झूठे आरोपों का तथ्यात्मक खंडन किया। मंडी नगर मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, बिरलाग्राम मंडल अध्यक्ष प्रकाश जैन, नपाध्यक्ष संतोष गेहलोत सहित अनेक पार्षदों ने एकजुट होकर प्रेस के समक्ष सभी बिंदुओं पर स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया।**

प्रकाश जैन ने कहा कि जो लोग राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और कीमत पर सवाल उठा रहे हैं, उन्हें ध्वज की मूल पहचान तक नहीं मालूम। प्रेस वार्ता में उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज को उल्टा प्रदर्शित कर न केवल उसकी अवमानना की बल्कि पत्रकारों द्वारा कई बार कहे जाने पर भी यह नहीं समझ पाए कि झंडा उल्टा है या सीधा। यह न सिर्फ अज्ञानता है, बल्कि देश के गौरव के अपमान का अपराध है।

उन्होंने बताया कि नगर परिषद द्वारा 'हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 2022 में 25,000 झंडे उज्जैन डूडा कार्यालय के निर्देशानुसार प्राप्त हुए थे, जिन पर कोई भुगतान परिषद द्वारा नहीं किया गया। वर्ष 2024 में परिषद ने 3,000 झंडे मात्र 25 प्रति ध्वज के हिसाब से खरीदे, जबकि आरोप लगाने वालों ने 50 प्रति झंडा का बिल दर्शाया। हमने राष्ट्रीय ध्वज को सस्ती दर में खरीदा और पूरे सम्मान के साथ नागरिकों के घरों तक पहुंचाया उन्होंने कहा।

विजय पटेल ने ऑडिट के मुद्दे पर कहा कि 2022, 2023 और 2024 के नियमित ऑडिट की रिपोर्ट संयुक्त संचालक, भोपाल को प्रस्तुत की जा चुकी है। शासन द्वारा अनुदान प्राप्त होना इस बात का प्रमाण है कि नगर परिषद का समस्त लेखा-जोखा पारदर्शी है। आरोप लगाने वालों को ऑडिट की एबीसीडी तक नहीं आती, फिर भी वे सवाल कर रहे हैं। सांसद प्रतिनिधि ओ.पी. गेहलोत ने स्पष्ट किया कि मिर्ची बाजार की पानी टंकी को क्षतिग्रस्त घोषित किए जाने के बाद से तत्काल जल आपूर्ति बंद कर दी गई थी और संबंधित क्षेत्र को सीधे फ़िल्टर प्लांट से कम प्रेशर में पानी आपूर्ति की जा रही है। नगर भवन निर्माण पर बोलते हुए भावना सुभाष रावल ने कहा कि आर्किटेक्ट की नियुक्ति हो चुकी है, डिज़ाइन को टीएनसीपी से स्वीकृति प्राप्त हो गई है, और डीपीआर जांच हेतु उज्जैन टीएस कार्यालय भेजी गई है। टीएस अनुमोदन मिलते ही भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। वार्ड क्रमांक 19 पर लगाए आरोपों पर उन्होंने बताया कि परिषद की 8 अगस्त 2024 की बैठक तक संबंधित कार्य स्वीकृत नहीं हुआ था। ट ेंडर 28 सितंबर 2024 को खुला था, जो अगली बैठक में ही प्रस्तुत हो सकता था। पार्षदों द्वारा लिखित अनुरोध पर मार्च की बैठक में केवल बजट प्रस्ताव ही रखा गया।

प्रेस वार्ता में मंडी अध्यक्ष विजय पटेल, प्रकाश जैन, बबिता रघुवंशी, भावना रावल, बिट्टू यादव, अनीता मीनाव, योगेश मीणा, अनिल जोशी, विजयसिंह सिसोदिया एवं नपाध्यक्ष संतोष गेहलोत सहित अनेक पार्षद उपस्थित थे। नगर परिषद जनप्रतिनिधि दल नागदा के माध्यम से सभी आरोपी का तथ्यात्मक स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया